बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेलि - 020 25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार. 487

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र और डिक्की द्वारा संयुक्त रूप से 'स्टैंड अप इंडिया' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पुणे, 2 दिसम्बर: भारत सरकार की ओर से माननीय प्रधान मंत्री की प्रमुख योजना 'स्टैंड अप इंडिया' के अंतर्गत 1 दिसंबर 2022 को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक श्री ए. बी. विजयकुमार ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र और डिक्की द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में सहभाग लिया और मार्गदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में पिछड़ा वर्ग के युवाओं ने भाग लिया। डिक्की पिछड़े वर्ग के युवाओं में उद्यमशीलता की भावना उत्पन्न करने में सफल रहा है और इसमें युवाओं का उत्साह दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। श्री ए. बी. विजयकुमार ने आश्वासन दिया कि बैंकों को स्थानीय स्तर पर स्टैण्ड अप इंडिया के अंतर्गत आनेवाली कठिनाईयों का निवारण शीघ्र ही किया जाएगा और आगे से सुलभ तथा कम समय में ऋण आपूर्ति की जाएगी।

कार्यक्रम में बैंक की ओर से महाप्रबंधक श्री विजय कांबले तथा श्री अरुण कबाडे के साथ ही डिक्की की ओर से अखिल भारतीय महिला विभाग प्रमुख श्रीमती सीमा कांबले, डिक्की महाराष्ट्र अध्यक्ष मुकुंद कमलाकर, डिक्की पुणे अध्यक्ष श्री राजेंद्र साल्वे, श्री संतोष कांबले, अविनाश जगताप, श्री पंकज साल्वे, सुश्री मैत्रेयी कांबले उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान यह आश्वासन दिया गया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं डिक्की के माध्यम से पिछड़ा वर्ग के नये उद्यमियों को स्टैंड अप इंडिया के अंतर्गत ऋण की जानकारी एवं मार्गदर्शन आगे भी दिया जाएगा।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेलि - 020 25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार. 487

फोटो में: श्री एबी विजयकुमार, कार्यकारी निदेशक मंच पर दाईं ओर से बोलते हुए और बैंक के महाप्रबंधक श्री विजय कांबले, श्री अरुण कबाडे, DIKKI महाराष्ट्र के अध्यक्ष मुकुंद कमलाकर बाईं ओर से मंच पर मौजूद हैं